श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): आदरणीय अध्यक्ष महोदय मै आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सीतापुर और उसके समीप मे स्थित जनपद लखीमपुर-खीरी के अनेक प्राचीन मंदिर, मठ, ऐतिहासिक किले और कई प्रकार की प्राचीन मीनारों की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ। जिनके बारे मे आम जनता को कोई जानकारी नहीं है। आम जनता की जिज्ञासा भी इन प्राचीन मंदिर, मठ, ऐतिहासिक किले और कई प्रकार की प्राचीन मीनारों के बारे मे जानने की है।

ऐसी परिस्थति में महोदय आपके माध्यम से मैं सरकार से माँग करता हूँ कि जनहित मे उपर्युक्त दोनों जनपदों के प्राचीन मंदिर, मठ, ऐतिहासिक किले और कई प्रकार की प्राचीन मीनारों का पुरातात्विक सर्वे करवाकर इनको संस्कृति विभाग से जोड़ने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

(इति)

Re: Need to review the current status of families eligible for Pradhan Mantri Awas Yojana

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): महोदय, मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की महात्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना की ओर दिलाना चाहता हूँ। हमारे प्रधानमंत्री जी ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग की पीड़ा को समझा और सभी को घर देने की इस महान योजना का शुभारम्भ किया जिसके फ़लस्वरुप आज देश में गरीबों को उसका पूरा लाभ मिल रहा है। इस योजना के हेतु पात्रता का आकलन 2011 के जनगणना के आधार रखकर किया जा रहा है और इस आकलन के आधार पर जिन लोगों को उस वक्त घर की आवश्यकता थी अथवा जिन लोगों को उस समय घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी उन लोगों की स्थिति में आज कई बदलाव आये है जैसा कि मैं असम प्रदेश से आता हूँ और असम में 2011 की जनगणना के अनुसार बहुत परिवर्तन हुआ है जिन लोगों के घर में छत नहीं थी या दीवार नहीं थी उन लोगों के घर पर आज छत है और दीवार भी है यह सब इतने समय के अंतराल में उन लोगों के अथक परिश्रम से ही हुआ होगा। और इस कारण आज इस योजना का लाभ उसी जनगणना के आधार पर दिया जा रहा है जो आज के पात्र लोगों के साथ शायद अन्याय है।

इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस योजना में कुछ बदलाव करते हुए योजना का लाभ देने से पूर्व पात्र व्यक्ति की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखा जाए और पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ पूर्ण रुप पहुंचे यहीं अंत्योदय को परिलक्षित करेगा।

(इति)

Re: Regarding construction of road from Akbarpur (Rohtas district) to Aghaura (Kaimur district), Bihar

श्री छेदी पासवान (सासाराम): मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम (बिहार) के अकबरपुर (रोहतास) से अधौरा (कैमूर) तक आवागमन हेतु एक भी रोड नहीं है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। बिहार के इन पिछड़े एवं सुदूर इलाकों में विकास को गति देने हेतु सड़क का निर्माण अति आवश्यक है। अकबरपुर (रोहतास) से अधौरा (कैमूर) तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है, परंत 'वन्य प्राणी आश्रय स्थली' के प्रतिबंधों के कारण निर्माण कार्य बाधित है, जिस कारण इस क्षेत्र के गरीब, पिछड़े एवं आदिवासियों की बड़ी आबादी विकास की रोशनी से वंचित है।

अतः मेरा अनुरोध है कि प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र उक्त पथ के निर्माण हेतु सदन के माध्यम से संबंधित मंत्रालय को आदेश निर्गत किया जाए, जिससे जिला-रोहतास एवं कैमूर के पिछड़े एवं सुदूर इलाके के साथ-साथ अन्य लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

(इति)

Re: Need to constitute a Board for creation of small states

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):आज़ादी के समय देश में बड़े राज्य थे जिनका निर्माण ब्रिटिश सरकार ने औपनिवेशिक सत्ता को बनाए रखने की दृष्टि से किया था| परन्तु आज़ादी के बाद कई छोटे राज्यों का निर्माण हुआ जिन्होंने काफी आर्थिक प्रगति भी की और प्रगति के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को और भी मजबूत किया| इसका एक उदाहरण गुजरात राज्य है जोकि तब के बम्बई प्रान्त से अलग होकर बना जिसने न सिर्फ आर्थिक रूप से प्रगति कि बल्कि अपनी संस्कृति को न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी पहचान बनाई| इसी तरह उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश ,हिमाचल ,गोवा,उत्तराखंड ,झारखण्ड,आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना इत्यादि राज्यों का निर्माण स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत हुआ और आंकड़े बताते हैं कि इन राज्यों के निर्माण के उपरांत इन राज्यों ने काफी प्रगति भी की है|

परन्तु देश में नए राज्यों की मांग अभी भी जारी है और इस मांग के लिए समय समय पर जन आन्दोलन भी होते रहे हैं| इन नए राज्यों की मांग में बुंदेलखंड राज्य की मांग भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है| बुंदेलखंड राज्य की मांग स्वंतत्रता पूर्व की मांग है| इस हेतु फरवरी 1943 में टीकमगढ में बुंदेलखंड प्रान्त निर्माण सम्मेलन आयोजित किया गया और उसके उपरांत लगातार पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग होती रही है|

बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग का प्रमुख आधार विकास है| ब्रिटिश काल में एतिहासिक कारणों से बुंदेलखंड क्षेत्र अन्य क्षेत्रों के मुकाबले आर्थिक रूप से काफी पिछड गया और आज़ादी प्राप्ति के उपरांत दो राज्यों में बुंदेलखंड का विभाजन हो गया| संभवत: दो राज्यों में विभक्त होने वाले बुंदेलखंड देश का एकमात्र क्षेत्र है|इन सभी कारणों के समग्र प्रभाव के कारण इस स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भी इस क्षेत्र का विकास उस गति से नहीं हो पाया जिस गति से होना चाहिए |इसके अतिरिक्त जहाँ अन्य राज्यों का विभिन्न आधार पर निर्माण हुआ और उन्होंने न सिर्फ आर्थिक प्रगति की वही अपनी संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन भी किया परन्तु बुंदेलखंड न सिर्फ आर्थिक रूप से पीछे रह गया अपितु अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी बड़ी मुश्किल से संभाले है और इसके साथ यहाँ बोली जाने वाली बुन्देली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में भी जगह नहीं मिल पाई है|

अत: स्वतंत्रता प्राप्ति एवं उसके पश्चात बनाए गए छोटे राज्यों के सर्वंगीण विकास के शानदार प्रदर्शन को दृष्टिगत करते हुए बुंदेलखंड के आर्थिक विकास और संस्कृति के संरक्षण और सर्वर्धन हेतु एवं बुंदेलखंड के संबंध में जनभावनाओं को देखते हुए जनमानस की मांग की पूर्ति हेतु बुंदेलखंड के लिए नवीन संभावनों पर विचार करना अति आवश्यक है| इस हेतु आपके माध्यम से मेरी सरकार से यह मांग है कि नवीन छोटे राज्यों के निर्माण और संभावनाओं की तलाश हेतु लघु राज्य निर्माण बोर्ड का गठन किया जाए |

(इति)

Re: Regarding merger of services of North East Express (train No. 12505/12506) and Sainik Express (train no. 14021/14022)

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष महोदय ट्रेन संख्या.12505/ 12506 (नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन) कामाख्या से चलती है और आंनद विहार, नई दिल्ली, को रात्रि 8 बजे पहुंचती है। ट्रेन संख्या14021/14022 (सैनिक एक्सप्रेस ट्रेन) सराय रोहिल्ला, नई दिल्ली से रात्रि 10.20 बजे जयपुर (राजस्थान) के लिए रवाना होती है। अगर इन दोनों ट्रेनों का मर्ज कर दिया जाये तो शेखावटी के सैनिकों, व्यापारियों तथा पूर्वाचल में नौकरी करने वाले लोगों को यात्रा में सुगमता होगी तथा पूर्वांचल एवं कामाख्या सीधा शेखावटी अंचल से जुड़ जाएगा। इन ट्रेनों को मर्ज करने से हरियाणा एवं राजस्थान के साथ पश्चिम बंगाल,उत्तर प्रदेश के प्रवासी भारतियों को यात्रा का फायदा मिलेगा।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि ट्रेन संख्या.12505/12506 (नॉर्थ एक्सप्रेस) ट्रेन तथा ट्रेन संख्या.14021/14022 (सैनिक एक्सप्रेस) को मर्ज करने की कृपा करे ताकि पूर्वाचल क्षेत्र सीधे शेखावटी अंचल (राजस्थान) से जुड़ सके।

(इति)

Re: Need to establish a Women's College in Deoria district, Uttar Pradesh

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सलेमपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख शहर है जो बिहार से सटा हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र में महिला महाविद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है। महोदय, मेरे क्षेत्र की छात्राओं को महिला महाविद्यालय न होने के कारण गोरखपुर, वाराणसी तथा दिल्ली पढ़ने जाना पड़ता है जिसके कारण परिवार वालों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर मेरे संसदीय क्षेत्र बगहा बाजार में केन्द्रीय सहायता से महिला महाविदयालय की स्थापना हो जाती है तो यहां की छात्राओं के साथ साथ पड़ोसी राज्य बिहार की छात्राओं को भी घर के पास उच्च शिक्षा प्राप्त हो जायेगी तथा हमारे प्रधानमंत्री जी का सपना "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" का भी सपना साकार हो जायेगा।

अत: मैं सदन के माध्यम से मा. शिक्षा मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे क्षेत्र बगहा बाजार प्रखंड बगमरा तहसील भाटपार रानी जिला देवरिया में केन्द्रीय सहायता से एक महिला महाविद्यालय की स्थापना किया जाए।

(इति)

Re: Regarding alleged shoddy construction of NH-99 road in Misrikh parliamentary constituency, Uttar Pradesh

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ.प्र.) के अंतर्गत बिल्हौर-चौबेपुर-शिवराजपुर-कन्नौज (राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-99) का निर्माण कार्य चल रहा है। बरसात के दिनों में शिवराजपुर के निकट इस सड़क के निर्माण में कार्यदायी संस्था निर्माण सामग्री के लिए निर्धारित किए गए मानकों को दरकिनार करते हुए कथित रूप से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करके केन्द्रीय निधि का भारी दुरुपयोग कर रही है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह बरसात के दिनों में उक्त सड़क के निर्माण कार्य को अविलंब रोक कर निर्माण कार्य में लगी सामग्री की गुणवत्ता की जांच केन्द्रीय तकनीकी समिति से करवाकर दोषी अभियंताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए।

(इति)

Re: Need to formulate a plan to prevent annual flood and land erosion in Malda district of West Bengal

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): महोदय मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत पन्ना जिले में बुन्देलखण्ड पैकेज के अंतर्गत भितरी मुटमुरू मध्यम सिंचाई योजना एवं अमानगंज के पास स्वीकृत ककरहाई उद्वहन योजना जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित की गई थी किन्तु इन योजनाओं से किसी से भी किसान को कोई लाभ नहीं हुआ है। मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी पूछना चाहता हूँ कि इन परियोजनाओं हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा उसमें से कितनी राशि किस मद पर व्यय हुई। चूंकि इस व्यय राशि का क्षेत्रीय किसानों को जरा भी लाभ नहीं मिला तथा राशि का पूर्ण रूप से दुरूपयोग हुआ। अतः माननीय से आग्रह करना चाहूंगा कि इन योजनाओं को पूर्वानुसार लक्ष्यप्राप्ति के उद्देश्य से पुनः निर्मित कराया जाये ताकि इन परियोजनाओं पर व्यय की गई राशि की उपयोगिता हासिल हो सके तथा इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही भी संस्थित की जाये।

(इति)

Re: NH-45C from Vikravandi to Thanjavur

SHRI S. RAMALINGAM (MAYILADUTHURAI): National Highway Road No. 45 C from Vikravandi to Tahnjavur started in December 2018. The work package 1 and package 2 from Sethiyathoppu to Thanjavur is very slow. I want to know the action plan to expedite the construction work.

(ends)

Re: Setting up of Mobile sector health institutions in Andhra Pradesh

DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE): Following bifurcation of Andhra Pradesh, absence of Tier-1 cities in the state resulted in no scope for private healthcare sector to offer super speciality healthcare services in the State and this is only possible through setting up of public sector institutions.

(ends)

Re: Judicial commission on Pegasus spyware snooping

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Pegasus Spyware, an Israeli spy agency snooped the phones of senior opposition leaders, above 40 journalists belonging to various print and visual media groups, officers of CBI and even Union Ministers. The government has not given the details of the snooping, whether it happened on behalf of government or the government had knowledge of it. The country feels the snooping of opposition leaders phones are an attempt to destabilize the elected state governments and to suppress the dissent voices against the government. Day by day new revelations are coming out and a large number of reputed personalities are under snooping. The Union Home Minister must take the responsibility of this illegal and anti-democratic act. I urge upon the government to appoint a Judicial Commission under a sitting Supreme Court Judge to find out the facts on the Pegasus Spyware snooping.

(ends)

Re: Privatization of Mazagaon Dock Shipbuilders Limited

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Mazagaon Dock is one of the best Ship Building Companies of India and has proved its outstanding ability on precision, timeline, sometimes even before scheduled time delivery of the destroyers, submarines, warships since its inception. It has been appreciated on many occasions and awarded the best ship building company. But of late, Govt has taken the decision to privatise this company by disinvestment. I strongly express concern for this decision, as it is the shipbuilding company of pride for India.

What is required, is to grant them the business of Shipbuilding by the Govt. Recently Govt. has announced the decision to build submarines for the Naval Wing. I demand that this important work should be allotted to Mazagaon Dock Shipbuilders Ltd, which has time and again proved its outstanding Ship Building Capacity. I request to save and strengthen the company and its outstanding skilled and dedicated employees, please.

(ends)

Re: Need to construct a ring road connecting NH-27 to NH 531 in Gopalganj parliamentary constituency, Bihar

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र गोपालगंज शहर प्रतिदिन जाम की भयंकर समस्या से गुजर रहा है। गोपालगंज शहर में यह समस्या काफी विकट बनती जा रही है। जाम लगने का एक बड़ा कारण शहर के अरार मोड़ से एन.एच.- 27से सिवान जाने वाले ट्रकों तथा भारी वाहनों का शहर से होकर गुजरना भी है। अरार मोड़ से यावे रोड़ गोपालगज पर ट्रकों और भारी वाहनों के गुजरने से शहर की सड़कों पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। इससे दूर-दराज से आए हुए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा वायू प्रदूषण भी शहर में काफी बढ़ रहा है। कभी-कभी एम्बुलेंस एवं आवश्यक सामग्री वाली गाडिया घंटों जाम में फंसी रहती है। अगर गोपालगंज के अरार गांव के बाहर पश्चिम दक्षिण की तरफ से एन.एच.-27 से शुरू होकर जगमालवा होते हुए एन.एच.-531 पर रिंग रोड़ बनाकर मिला दिया जाए तथा अरार गांव से उत्तर एवं पूरब एन.एच.-27 से हजियापुर एव सरेया के बाहर-बाहर जादोपुर रोड़ होते हुए एन.एच.-27 में मिलाकर एवं आगे बढ़ाते हुए एन.एच.-531 में रिंग रोड़ को मिलाया जाए।

महोदय, में माननीय मंत्री जी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग से आग्रह करता हूँ कि एन.एच.-27 को एन.एच.-531 से जोड़ने के लिए रिंग रोड़ का निर्माण किया जाये जो कि एन.एच.-27 से दानापुर से नहर होते हुए चौराव तक रिंग रोड़ बनाकर एन.एच.-27 और एन.एच.-531 से सीधा जोड़ा जाए।

(इति)

Re: Need to release sugarcane arrears to farmers of Amrohaparliamentary constituency, Uttar Pradesh

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा के गन्ना किसानों का चीनी मीलों पर लगभग 600 करोड़ रुपए बकाया है जिसमें अकेले सिम्भावली चीनी मिल पर 300 करोड़ रुपये है। सिम्भावली चीनी मिल कई वर्षों से डिफॉल्टर कैटेगरी में है। यहाँ के किसान भुगतान नहीं होने से परेशान है। उल्लेखनीय है कि 1997 में सिम्भावली चीनी मिल के सामने धरना प्रदर्शन किया गया था तब मिल प्रबंधन ने कथित रूप से स्थानीय प्रशासन का नाजायज इस्तेमाल कर किसानों का उत्पीडन किया, गोलियां चलवाई, जिसमें कई निर्दोष किसानों की जान गई। अगर समय रहते इस स्थिति पर ध्यान नहीं दिया तो फिर से किसान अपने हक़ के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं। सरकार को ऐसी डिफॉल्टर चीनी मीलों को अपने अधीन लेते हुए प्रशासक बैठा देना चाहिये। किसानों की बकाया राशि जल्द दिलाई जाए एवं चीनी मीलों को ये निर्देश दिए जायें की गन्ना किसानों की बकाया राशि पर ब्याज दें ताकि किसान अपने ऋण का भुगतान कर सकें।

(इति)

कنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، میرے پارلیمانی حلقہ امروہہ کے گنّا کسانوں کا چینی ملوں پر تقریباً 600 کروڑ روپئے بقایا ہے جس میں اکیلے سمبھولی چینی مل پر 300 کروڑ روپئے ہے۔ سمبھولی چینی مل کئی سالوں سے ڈیفالٹر کیٹیگری میں ہے۔ یہاں کے کسان بھگتان نہیں ہونے سے پریشان ہیں۔ غور طلب ہے کہ 1997 میں سمبھولی چینی مل کے سامنے دھرنا پردرشن کیا گیا تھا تب مِل کے انتظامیہ نے کتھِت روپ سے مقامی انتظامیہ کا نا جائز استعمال کرکے کسانوں کا اُتپیڑن کیا، گولیاں چلوائیں، جس میں کئی بے قصور کسانوں کی جان گئی۔ اگر ابھی بھی اس طرف دھیان نہیں دیا گیا تو پھر سے کسان اپنے حق کے لئے سڑکوں پر اُتر سکتے ہیں۔ سرکار کو ایسی ڈیفالٹر چینی ملوں کو اپنے زیرِ انتظام لیتے ہوئے پرشاسک بیٹھا دینا چاہیے۔ کسانوں کی بقایہ رقم جلد سے جلد دلائی جائے اور چینی ملوں کو یہ حکم دیا جائے کہ گّنا کسانوں کی بقایا راشی پر بیاج دے تاکہ کسان اپنے قرض کی ادائیگی کر سکے۔

شکریہ

Re: Establishment of an Airport in Nagapattinam

SHRI M. SELVARAJ (NAGAPATTINAM): Nagapattinam is an old city, has long beach area and is famous for its rich history and culture. The town also attracts several pilgrims who come to offer their prayers in the temples located here. Many Govt. agency's offices are located here viz. Fishery Development Department, Port, Naval, Income Tax and University. This city is one of the hubs of tourists in Tamil Nadu. Presently, no airport is available in Nagapattinum. There is a huge potential for air travel passenger as many central Govt. agencies viz. ONGC, Navy and Income Tax offices are located here.

If airport is available here, the officials of these agencies and general public can utilize the air services so that they can accomplish their work easily, quickly and comfortably.

Hence, I request Union Minister of Civil Aviation through you, Sir, to consider and take positive steps for establishing an airport in Nagapattinam at the earliest.

(ends)

FACTORING REGULATION (AMENDMENT) BILL

1501 hours

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Madam, I beg to move:

> "That the Bill to amend the Factoring Regulation Act, 2011, be taken into consideration."

माननीय सभापति: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि फेक्टर विनियमन अधिनियम, 2011 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए। "

… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): मैं अपील करता हूँ, मानसून सेशन के पाँच दिन चले गए हैं। Five days have gone to waste. मैं फिर से अपील करता हूँ कि कृपया आप सभी चर्चा में भाग लें।… (व्यवधान) यह बहुत इम्पोर्टेन्ट बिल भी हम ले रहे हैं। यह बहुत बड़ा बिल है, बहुत इम्पोर्टेन्ट बिल है, इसलिए मैं निवेदन करता हूँ कि आप सब कृपया चर्चा में भाग लीजिए। … (व्यवधान) आपका जो भी विषय है, उसे बी.ए.सी. में लेकर हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। लेकिन, बी.ए.सी. में जो डिसाइड हुआ है, टाइम एलॉट हुआ है… (व्यवधान) यह इम्पोर्टेन्ट बिल है।… (व्यवधान) यह सदन चर्चा और लेजिस्लेशन के लिए बैठता है। The basic duty of the Parliament is to consider and pass Bills. यह लेजिस्लेटिव बिजनेस है, इसलिए मैं निवेदन करता हूँ कि कृपया आप चर्चा में भाग लीजिए।… (व्यवधान) I would appeal to you to kindly participate in the discussion on the Bill. आप पाँच दिनों से ऐसा कर रहे हैं। लोगों के पैसे से यह सदन चलता है और उसको आप बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए मैं निवेदन करता हूँ कि कृपया आप चर्चा में पार्टिसपेट कीजिए। … (व्यवधान)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Madam, the Factoring Regulation Act of 2011 was enacted in 2011 because MSMEs were struggling to have their payments done in time. In order to address the delay which MSMEs were suffering, because of which liquidity problems were arising, it was necessary to pass the Bill on Factoring Regulation. That is how the Factoring Regulation Act came into being.… (*Interruptions*)

The primary considerations for the Factoring Regulation Bill to be passed in 2011 - that was the intent - were that the liquidity for small scale industries through factoring process can be enabled, a provision for registration of factor

which can do business in factoring can be made, and also the assignment of receivables to factors is regulated.

(1505/PS/CP)

Now, we are trying to come up with some amendments to the Bill. These amendments are the direct result of the recommendations of the U.K. Sinha Committee. The U.K. Sinha Committee had gone into the difficulties post the Factoring Bill becoming an Act; when the Act was implemented, there were certain difficulties which the U.K. Sinha Committee had looked into. Based on their recommendations, this Amendment Bill is being brought in. … (*Interruptions*)

Hon. Members may know that I had introduced the Bill on 14th September, 2020 and on 24th September, 2020, the Bill was sent to the Standing Committee. The Standing Committee's recommendations had come on 3rd February, 2021. All the recommendations of the Standing Committee have been accepted by the Government. One recommendation is a legislative recommendation. The other eight are all non-legislative amendments which the Standing Committee has desired. … (*Interruptions*)

Therefore, what we are coming up now is to accept the Standing Committee's recommendations. There are three Amendments to the existing Act and one of them is the insertion of Section 19(1)(A). This, in short, will capture all that we are trying to do. The TReDS platform -- through which the MSMEs got to be getting some discounts -- is also taken on-board. Therefore, this is a very important Bill, which, if passed with amendments as suggested by the Standing Committee, will benefit the MSMEs and since, the MSMEs will be benefitted, I appeal to the whole House to consider and pass these three amendments including the one insertion. Thank you, Madam. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति(श्रीमती रमा देवी) : आप लोग हमारी बात को ध्यान से सुनिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : अगर आप चर्चा करते, तो आप लोगों का फायदा होता। अगर चर्चा नहीं करेंगे, तो बिल ऐसे ही पास करना होगा। आप लोग ध्यान से हमारी बात को सुनिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : आप अगर जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं, तो आप लोग चर्चा कीजिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : प्लीज आप अपनी सीट पर जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि फेक्टर विनियमन अधिनियम, 2011 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

… (व्यवधान)

खण्ड 2

माननीय सभापति : श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन …

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड 3 से 6 विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

Clause 1

Amendment made:

Page 1, line 3,-

for "2020"

substitute "2021". (2)

(Shrimati Nirmala Sitharaman)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 1, यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड 1, यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

… (व्यवधान)

(1510/SMN/NK)

Enacting Formula

Amendment made:

Page 1, line 1, -

for "Seventy-first"

substitute "Seventy-second". (1)

(Shrimati Nirmala Sitharaman)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि अधिनियमन सूत्र, यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अधिनियमन सूत्र, यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

नाम विधेयक में जोड़ दिया गया।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Madam, I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंध संस्थान विधेयक

1513 बजे

माननीय सभापति : आइटम नंबर - 9.

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री पशुपति कुमार पारस) : सभापति महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंध की कतिपय संस्थाओं को राष्ट्रीय महत्व की संस्थाएं घोषित करने और खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता तथा प्रबंध में शिक्षण और अनुसंधान करने और ऐसी शाखाओं में विद्या की अभिवृद्धि और ज्ञान का प्रसार करने तथा उससे संबंधित अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंध की कतिपय संस्थाओं को राष्ट्रीय महत्व की संस्थाएं घोषित करने और खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता तथा प्रबंध में शिक्षण और अनुसंधान करने और ऐसी शाखाओं में विद्या की अभिवृद्धि और ज्ञान का प्रसार करने तथा उससे संबंधित अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 4 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 5

माननीय सभापति: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी। …

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी। **…**

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: प्रश्न यह है :

"कि खंड 5 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया।

(1515/SK/SNB)

खंड 6

माननीय सभापति (श्रीमती रमा देवी) : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी…

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी…

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 6 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 7

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी…

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी…

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 7 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 7 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 8 से 10 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 11

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी…

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 11 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 11 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 12

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 12 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 12 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 13 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 14

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 14 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 14 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 15 से 41 विधेयक में जोड़ दिए गए।

अनुसूची

माननीय सभापति : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री थोमस चाज़िकाडन...

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि अनुसूची विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई।

खंड 1

माननीय सभापति : श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी…

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 1 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।

अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

– – –

श्री पशुपति कुमार पारस : सभापति महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

– – –

… (व्यवधान)

(1520/MK/RU)

माननीय सभापति (श्रीमती रमा देवी): आप लोग क्या कर रहे हैं?

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, आप इनसे बोलिए कि ये अपनी-अपनी सीट पर जाएं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : ये सब क्या हो रहा है?

… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): माननीय सभापति जी ठीक कह रही हैं, आप लोगों को अपनी सीटों पर जाना चाहिए। … (व्यवधान) आपको चर्चा में भाग लेना चाहिए, ऐसा माननीय सभापति जी निवेदन कर रही हैं। श्री प्रहलाद जोशी जी ने निवेदन किया है और हम भी निवेदन कर रहे हैं कि आप सबको अपनी-अपनी सीटों पर जाना चाहिए और चर्चा में भाग लेना चाहिए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग नहीं मानेंगे? क्या करें एडजर्न कर दें?

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 27 जुलाई, 2021 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1521 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 / 5 श्रावण, 1943(शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।